Daily Current Affairs 02 June 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 01 जून को मनाया गया विश्व दुग्ध दिवस
• संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) द्वारा प्रतिवर्ष 01 जून को 'विश्व दुग्ध दिवस' के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2022 की थीम 'जलवायु परिवर्तन संकट की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित करना और इस बात पर ध्यान डालना है कि डेयरी इंडस्ट्री पर अपने प्रभाव को कैसे कम कर सकता है'।
• इसका उद्देश्य अगले 30 वर्षों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करके और डेयरी क्षेत्र को टिकाऊ बनाने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार करके 'डेयरी नेट जीरो' हासिल करना है।

2. NTPC ने जैव विविधता नीति 2022 की जारी
• हाल ही में भारत के सबसे बड़े एकीकृत ऊर्जा उत्पादक 'राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) लिमिटेड' ने जैवविविधता के संरक्षण एवं उसे पूर्व स्तर पर लाने के लिये एक व्यापक दृष्टिकोण एवं मार्गदर्शक सिद्धांत स्थापित करने हेतु 'नवीनीकृत जैवविविधता नीति-2022' जारी की है।
• आपको बता दे कि इससे पहले NTPC वर्ष 2018 में जैवविविधता नीति जारी करने वाला पहला सार्वजनिक उपक्रम था। उसी वर्ष NTPC, भारत व्यापार और जैवविविधता पहल (IBBI) का सदस्य बन गया था।

3. रक्षा मंत्रालय ने अस्त्र मार्क-1 की आपूर्ति हेतु भारत डायनामिक के साथ एक समझौते पर किए हस्ताक्षर
• हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने अस्त्र मार्क-1 की आपूर्ति के लिए हैदराबाद स्थित सार्वजनिक क्षेत्र की भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL) कंपनी के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के लड़ाकू जेट विमानों पर तैनाती के लिये 2,971 करोड़ रुपए की लागत के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किये गए थे।

4. भारत-पाक के बीच सिंधु जल आयोग की 118वीं बैठक नई दिल्ली में हुई संपन्न
• मई, 2022 में भारत और पाकिस्तान के बीच 'स्थायी सिंधु आयोग' (PIC) की 118वीं बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई। आयोग ने सिंधू नदी जल संधि के अन्तर्गत द्विपक्षीय विचार-विमर्श के माध्यम से सम्बन्धित मुद्दों के समाधान के लिए विचारों के आदान-प्रदान के प्रति दोनों पक्षों की प्रतिबद्धता की सराहना की।
• बैठक में यह सहमति हुई कि आयोग की आगामी बैठक पाकिस्तान में होगी, जिसके लिए दोनों ही पक्ष एक निश्चित तिथि को तय कर लेंगे।

5. नाबार्ड ने लेह में शुरू किया माई पैड माई राइट्स कार्यक्रम
• 01 जून, 2022 को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के अध्यक्ष जी. आर. चिन्ताला ने लद्दाख़ के लेह में 'माई पैड माई राइट्स कार्यक्रम' की शुरूआत की। 7.5 लाख रुपये लागत की मशीनों और सामग्री के साथ नाबार्ड के नैब प्रतिष्ठान के माध्यम से ये शुरूआत की गई है।

Daily Current Affairs 02 June 2022

6. मशहूर गायक KK का 53 वर्ष की उम्र में कोलकाता में हुआ निधन
• 31 मई, 2022 को बॉलीवुड गायक कृष्णकुमार कुनाथ का 53 वर्ष की आयु में कोलकाता में निधन हो गया। इन्हें केके के नाम से जाना जाता है। उनके निधन पर देश के सभी गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है। दरअसल वे कोलकाता में एक कॉन्सर्ट में परफॉर्म करने गये थे। कॉन्सर्ट के बाद उनका निधन हो गया।

7. केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और सुरक्षा बीमा योजना का प्रीमियम बढ़ाया
• हाल ही में केंद्र सरकार ने अपनी प्रमुख बीमा योजनाओं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) के प्रीमियम में बढ़ोतरी कर दी है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) के प्रीमियम में 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।
• अब योजना का प्रीमियम 01 जून, 2022 से 330 रुपये से बढ़ाकर 436 रुपये प्रतिवर्ष किया गया है। वहीं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के प्रीमियम को 67 प्रतिशत बढ़ाकर 20 रुपये सालाना किया गया है। अभी तक इस योजना में प्रीमियम 12 रुपये प्रतिवर्ष था।

8. इज़राइल और संयुक्त अरब अमीरात ने पहले अरब मुक्त व्यापार समझौते पर किए हस्ताक्षर
• हाल ही में इज़रायल ने संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो एक अरब राज्य के साथ इसका पहला बड़ा व्यापार समझौता है। इसका उद्देश्य दो मध्य पूर्वी देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देना है।
• फरवरी में भारत के साथ इसी तरह के समझौते के बाद इजरायल के साथ यह समझौता यूएई का दूसरा द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौता है।

9. दक्षिण कोरिया ने मलेशिया को हराकर जीता पुरुष हॉकी एशिया कप 2022 का खिताब
• 01 जून, 2022 को दक्षिण कोरिया ने मलेशिया को हराकर पुरुष हॉकी एशिया कप 2022 का खिताब जीता है। दक्षिण कोरिया ने मलेशिया को 2-1 से हराकर रिकॉर्ड पांचवां एशिया कप खिताब जीता।
• वहीं मौजूदा चैम्पियन भारतीय मेंस हॉकी टीम ने जापान को 1-0 से हराकर एशिया कप 2022 का ब्रॉन्ज मेडल जीता है। जकार्ता में खेले गए मैच में भारतीय टीम के लिए राजकुमार पाल ने छठे मिनट में एकमात्र गोल किया।

10. गुजरात में शुरू हुआ दो दिवसीय शिक्षा मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन शिक्षा मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन
• 1 जून से 2 जून, 2022 तक गुजरात के गांधी नगर में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षा मंत्री भाग ले रहे है। सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (National Education Policy 2020) को लागू करने की दृष्टि से देश में शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत बनाने, स्कूलों में कौशल विकास, डिजिटल पहल आदि के बारे में चर्चा की जाएगी।